अनुक्रमांक / Roll No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें।
Candidate should write his/her Roll No. here

कुल प्रश्नों की संख्या :08
**Total No. of Questions : 08**

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 05
**No. of Printed Page : 05**

# M-2021
# PAPER-V
# General Hindi
# सामान्य हिन्दी
# 21.12.2022

समय : 3 घंटे
**Time : 3 Hours**

पूर्णांक : 200
**Total Marks : 200**

## महत्वपूर्ण निर्देश
### IMPORTANT NOTES

(अ) हिंदी व्याकरण / हिंदी निबंध के प्रश्न पत्र को छोड़कर अन्य सभी प्रश्नो का हिंदी अथवा अंग्रेजी में उत्तर लिखा जा सकता है।
Except Hindi Grammar / Hindi Essay question paper, all other question papers can be written either in Hindi or English language.

(ब) अभियर्थिओ को अपने उत्तर निर्धारित शब्दों की सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए। इसका उल्लंघन करने पर अंक कटे जाएंगे। अभ्यर्थी लाइनों के अंदर ही लिखे। खली स्थान पर कृपया न लिखे।
The Candidates should not write the answer beyond the prescribed limit of word; failing which, marks will be deducted. Candidate should write answer within the given lines. Please do not write in the blank space.

(स) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखे। प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर किसी भाग पर अनुक्रमांक अन्य कोई नाम, पता, या अन्य कोई पहचान चिन्ह अंकित न करें।
Please write answers only in the prescribed space of booklet. Do not make any mark of identity inside the booklet (including rough paper page) like roll number, name, anyother name, address or such other mark.

(द) यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिंदी तथा अंग्रेजी रूपांतरों में से हिंदी रूपांतर मान्य होगा।
If there is any short of ambiguity/ mistake ether of printing or of factual nature then out of Hindi and English version of the question, the Hindi Version will be treated as standard.

## विशेष निर्देश
### SPECIAL INSTRUCTION

(अ) इस खंड में तीन मुख्य प्रश्न है जिसके अंतर्गत क्रमशः अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पूछे गए है। प्रश्नों के अंतर्गत विकल्प दिए गए है। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष उसके पूर्णांक अंकित किये गए है।
There are three questions as very short type, short type and long type questions in this part, in which there are sub questions in each question. There are internal choice in questions. The Maximum marks are printed in front of each question.

# खंड–अ (PART-A)

**प्रश्न 1: इस प्रश्न में 25 अतिलघुउत्तरीय उप प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 20–25 शब्दों में देना है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 03 (तीन) अंकों का हैं। (25x3=75)**

1.1 भाषा एवं वाक् में अंतर बतायें?

1.2 अर्द्ध परिभाषिक शब्द की परिभाषा दें?

1.3 जाति के आधार पर स्वरों का वर्गीकरण करें?

1.4 शास्त्रीय भाषा क्या है?

1.5 रास परम्परा को लिखिए?

1.6 पद बंध की परिभाषा लिखें?

1.7 प्रमुख विभाषायें व उनकी प्रमुख रचनायें?

1.8 अनुच्छेद – 348

1.9 अनुतान क्या है?

1.10 विश्व में कुल कितने भाषा परिवार है? प्रमुख के नाम बतायें।

1.11 देवनागरी लिपि के दोष

1.12 उक्षिप्त व्यंजन किसे कहते है?

1.13 गुण स्वर संधि को उदाहरण सहित समझाइये?

1.14 'बेईमान' का समास विगृह करें व समास का नाम बतायें?

1.15 द्वन्द्व समास की परिभाषा व भेद बताएं?

1.16 कृत प्रत्यय व तद्धित प्रत्यय में अन्तर बतायें?

1.17 पुरूष वाचक सर्वनाम के प्रकार बतायें?

1.18 प्रविशेषण की परिभाषा व उदाहरण बतायें?

1.19 वाक्य क्या है? इसके अंग बतायें?

1.20 कार्यालय में संक्षेपण के प्रकार लिखिए?

1.21 लाघव चिन्ह् का परिभाषा व उदाहरण दें?

1.22 खालिक बारी क्या है? इसके रचनाकार कौन है?

1.23 हिन्दी ध्वनियों को कितने भागों में बांटा गया है?

1.24 'करण' कारक और 'अपादान' कारक में अंतर बतायें?

1.25 लोकोक्ति व मुहावरे में अंतर बतायें?

**प्रश्न 2: अलंकार से संबंधित प्रश्न –**

**2.1 शब्दालंकार से संबंधित प्रश्न : (5x1 =5)**

(i) श्लेष अलंकार के भेद बतायें?

(ii) विमाता बन गयी आंधी भयावह। हुवा चंचल न फिर भी श्यामधन वह।। में अलंकार बताओं?

(iii) 'काली घटा का घमण्ड घटा' में घटा का अर्थ बतायें?

(iv) 'इस करूणा कलित हृदय में अब विकल रागिनी बजती है।' में अलंकार बतायें?

(v) 'लड़का तो लड़का ही है।' में अलंकार बतायें?

**2.2 अर्थालंकार से संबंधित प्रश्न –** **(5x1 =5)**

(i) 'हरिपद कोमल कमल से।' में अलंकार बतायें?

(ii) 'उसका मारे क्रोध के तन कांपने लगा।'' में अलंकार बतायें?

(iii) जिसकी तुलना की जाती है। उसे कहते है।

(iv) उपमा अलंकार के भेद बतायें?

(v) 'राधा बदन चंद सो सुंदर' में सुंदर क्या है?

**प्रश्न 3: वाक्यों का अंग्रेजी से हिन्दी एवं हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए?**

**3.1 निम्न वाक्यों का अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद करें। प्रत्येक प्रश्न 03 (तीन) अंकों का हैं।** **(5x3 =15)**

3.1 We should accept everything of our tradition.

3.2 Every action brings its own result and one gets weal or woe accordingly.

3.3 Disaster is an extreme disruption of the function of a society.

3.4 Learning and knowledge are the greatest assets of man.

3.5 I have written an essay about latest technology trends.

**3.2 निम्न वाक्यों का अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद करें। प्रत्येक प्रश्न 04 (चार) अंकों का हैं।** **(5x4 =20)**

3.1 कविता मनुष्य के ह्रदय को शुद्ध करती है?

3.2 रास्ते की तलाश संभव है। भले ही साधन सीमित हो।

3.3 धर्म के बिना विज्ञान अंधा है?

3.4 सुबह का व्यायाम हमारी सेहत के लिए जरूरी है?

3.5 डिजिटल क्रांति समावेशी विकास हेतु अपरिहार्य है?

**प्रश्न 4: इस प्रश्न में हिन्दी व्याकरण से संबंधित प्रश्न। सभी प्रश्न अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 02 (दो) अंकों का हैं।** **(10x2 =20)**

(i) प्रति+उत्पन्नमति का संधि व संधि नाम बतायें?

(ii) 'अम्मय' का संधि नाम व विच्छेद करें?

(iii) प्रभु+एषणा का संधि विच्छेद करें व संधि का नाम बतायें?

(iv) अनभिज्ञ का समास विगृह करें?

(v) 'मैने एक पीताम्बर खरीदा' पीताम्बर में समास बतायें?

(vi) नञ् समास के कोई दो उदाहरण बताएं?

(vii) तन–मन–धन में कौन सा समास है?

(ix) योजक चिन्ह किसे कहते है? प्रयोग करें।

(x) योजक चिन्ह, लाघव चिन्ह व हंस पद चिन्ह अंकित करें?

**प्रश्न 5: इस प्रश्न में प्रारम्भिक व्याकरण, शब्दावली से संबंधित प्रश्न। सभी प्रश्न अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 02 (दो) अंकों का हैं।** **(10x2 =20)**

(i) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें– ''जो शीघ्र किसी बात या युक्ति को सोच लें।''

(ii) मुहावरें का अर्थ बतायें – ''लहू होना।''

(iii) 'पंच परमेश्वर' कहावत का अर्थ बतायें?

(iv) 'हृदय' के तीन पर्यायवाची लिखें?

(v) विलोम शब्द लिखें : उत्तम ------? ऊधम ------?

(vi) INDISPENSABLE का हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखें?

(vii) 'निराकरण' के लिए सटीक अंग्रेजी शब्द बतायें?

(viii) 'शिष्टाचार' के लिए सटीक अंग्रेजी शब्द लिखें?

(ix) 'निमंत्रण का तद्भव लिखें व 'पाती' का तत्मस लिखें।

(x) अनेकार्थी शब्द 'अर्थ' के अर्थ लिखे।

**प्रश्न 6: निम्नलिखित अपठित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न 03 (तीन) अंकों का हैं। (5x4=20)**

'जनता के साहित्य' का अर्थ जनता को तुरन्त ही समझ में आने वाले साहित्य से हरगिज नहीं हैं अगर ऐसा होता तो 'किस्सा तोता मैंना' और नोटंकी की साहित्य के प्रधान रूप होते। साहित्य के अन्दर सांस्कृतिक भाव होते हैं। सांस्कृतिक भावों को पाने के लिए बुलंदी बारीकी और खूबसूरती को पाने के लिए उस इसलियत को पाने के लिए इसका नक्शा साहित्य में रहता हैं, सुनने या पढ़ने वाले की कुछ स्थिति अपेक्षित होती हैं। वह स्थिति हैं उसकी शिक्षा, उसके मन के सांस्कृतिक परिष्कार की, जबकि साहित्य का उद्देश्य सांस्कृतिक परिष्कार हैं, मानसिक परिष्कार हैं।

(i) साहित्य के अन्दर क्या हैं?

(ii) जनता के साहित्य का क्या अर्थ हैं?

(iii) साहित्य का उद्देश्य क्या हैं?

(iv) सांस्कृतिक भावों को ग्रहण करने के लिए क्या जरूरी हैं?

(v) उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

**अथवा**

भारतवर्ष में आकाश में जो अनेक छायाएँ घूम रही हैं, उन्हें जाँचने और परखने के लिए हमें पुर्णरूप से जागृत और चैतन्य साहित्यकारों की आवश्यकता हैं। आज की शंकाओं और हिलती हुई आस्थाओं को शामिल और स्थिर बनाने का काम उस साहित्यकार के आगमन की प्रतीक्षा कर रहा हैं जो भविष्य में खिलने वाले फूलों का संवाद आज के मनुष्य को सुना सकें। हृदय–हृदय में जो एक उत्साह हैं, प्राण–प्राण में जो एक अनिर्वचनीय उमंग हैं तथा जन–जन में जो मूक आशा किलोल कर रही हैं, उसकी परिभाषा साहित्य में जायेगी, राजनीति और विज्ञान में नहीं। बुद्धि और तर्क मनुष्य के मस्तिष्क को संतुष्ट करते हैं, कर्म की प्रेरणा तो हमेशा हृदय से ही आती हैं। हमारे सामने जो सपने घूम रहे हैं, उन्हें मूर्त रूप देने के लिए मनुष्य को प्रेरित करना लेखकों और कवियों का काम हैं।

(i) आज हमें किसकी आवश्यकता हैं?

(ii) साहित्यकार क्या काम करता हैं?

(iii) मनुष्य के मस्तिष्क को कौन संतुष्ट करता हैं?

(iv) कर्म की प्रेरणा हमें कहाँ मिलती हैं?

(v) हमारे सपनों को मूर्त रूप कौन देता हैं?

**प्रश्न 7: निम्न में से किसी एक पंक्ति का भाव पल्लवन कीजिए? प्रश्न 10 अंक का हैं।** **(अंक 10)**

विपत्तियाँ मनुष्य को बलवान बनाती है।

**अथवा**

'समीक्षा' में ईक्षा की सम्यकता निहित रहती है।

**प्रश्न 8: निम्नलिखित किसी एक गद्यांश का संक्षेपण कीजिए। प्रश्न 10 अंक का हैं।** **(अंक 10)**

''साहित्योन्नति के साधनों में पुस्तकालयों का स्थान अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इनके द्वारा साहित्य के जीवन की रक्षा, पुष्टि और अभिवृद्धि होती है। पुस्तकालय सभ्यता के इतिहास का जीता–जागता गवाह है। इसी के बल पर वर्तमान भारत को अपने अतीत गौरव पर गर्व है। पुस्तकालय भारत के लिए कोई नयी वस्तु नहीं है। पहले देवालय, विद्यालय और नृपालय इन संग्रहों के प्रमुख स्थान होते थे। मुद्रण कला के आविष्कार से पूर्व पुस्तकों का संग्रह करना आजकल की तरह सरल बात न थी। आजकल साधारण स्थिति के पुस्तकालय में जितनी सम्पत्ति लगती है, उतनी उन दिनों कभी–कभी एक–एक पुस्तक की तैयारी में लग जाया करती थी। भारत के पुस्तकालय संसार भर में अपना सानी नहीं रखते थे। प्राचीन काल से लेकर मुगल सम्राटों के समय तक यही स्थिति रही। चीन, फारस प्रभृति सुदूर स्थित देशों से झुण्ड के झुण्ड विद्यानुरागी लम्बी यात्राएँ करके भारत आया करते थे।''

**अथवा**

''चक्रवर्ती वह है जो कोटि–कोटि व्याकुलता और त्रस्त जनता का रक्षक बनने का उत्तरदायित्व लेता है। भारतवर्ष में यही परम्परा रही है। चक्रवर्ती राज्य की सीमाओं में बँधा नहीं रहता। वह राज्य–सुख को भोक्ता नहीं, दीन, दनिद्र और दलित का रक्षक होता है। विक्रमादित्य साहसांक और सातवाहन इसलिए चक्रवर्ती थे कि उनके चित्त में निःशेष जगत् को दुख और दारिद्रय से मुक्त करने की स्वतः प्रेरणा होती थी। राज्य का अधीश्वर होना चक्रवर्तित्व नहीं है। धर्मनिर्विशेष मानव–मात्र की कल्याण–कामना से जो व्यक्ति शस्त्र ग्रहण करता है, उसकी भुजाएँ वज्र–कपाट की भाँति आतंक और अत्याचार का अवरोध करती है। मेरी आँखों के सामने क्षुद्र राज्य–लिप्सा के कारण बड़े–बड़े राजराजेश्वर, ध्वस्त, अवमानित और पददलित हो गये। सबके मन में राज्य विस्तार करने, कीर्ति प्राप्त करने और सुख भोगने की क्षुद्र लालसा पिशाचिनी की भाँति विद्यमान थी।

KAUTILYA ACADEMY INDORE